# मुहांसा गांव में खूनी संघर्ष, तलवार-चाकू से हमला

## झांसी ले जाते समय एक की मौत

**दिनेश कुमार झा**

**खनियाधाना,22फरवरी।** क्षेत्र के मुहांसा गांव में मामूली कहासुनी ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें तलवार और चाकुओं से हमला किए जाने की बात सामने आई है। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की झांसी ले जाते समय मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मायापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुहांसा गांव में दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद अचानक मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए। इस हमले में युधिष्ठिर यादव, गंधर सिंह यादव, राजेंद्र सिंह यादव (सरपंच, मुहांसा) एवं अजय पाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खनियाधाना में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार झांसी ले जाते समय रास्ते में युधिष्ठिर यादव ने दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल का उपचार



खनियाधाना स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस प्रशासन लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।

# हार्डवेयर शोरूम से 20 हजार नकद सहित सामान चोरी

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 फरवरी।** शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे शटर नहीं, दीवारें तोड़कर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। शनिवार देर रात फतेहपुर टोंगरा रोड स्थित एक हार्डवेयर शोरूम में महज 8 मिनट के भीतर चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। नकाबपोश तीन आरोपी शोरूम पहुंचे, जिनमें से एक अंदर घुसा और दो बाहर निगरानी करते रहे।

शोरूम संचालक अमन धाकड़ के मुताबिक, घटना रात करीब 1:30 से 1:38 बजे के बीच हुई। चोरों ने शोरूम की दो दीवारें तोड़कर प्रवेश किया और अंदर रखे 20 हजार रुपये नकद, तार के पांच बंडल, स्कूटी चार्जर, इंडक्शन, बर्तन, कपड़े सहित अन्य कीमती



सामान समेटकर फरार हो गए। वारदात के बाद जब सुबह शोरूम खोला गया, तो दीवारें टूटी और सामान बिखरा मिला। पूरी चोरी शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, लेकिन आरोपियों ने चेहरे ढंके हुए थे, जिससे पहचान में दिक्कत आ रही है।

फुटेज में उनकी तेज़ी और सुनियोजित तरीके से की गई कार्रवाई साफ दिखती है जो इलाके में सक्रिय किसी गिरोह की ओर इशारा करती है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# टीवी सीरियल एक्टर अन्नू तिवारी का निधन

**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 22 फरवरी।** नरवर नगर के वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र शर्मा के मित्र, फ़िल्म निर्माता, वीना सिनेसर्विस के संचालक रवि तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र अन्नू तिवारी ( टीवी सीरियल एक्टर) का हार्टअटैक से स्वर्गवास मुम्बई स्थित निवास पर निधन हो गया। एक्टर अन्नो तिवारी के निधन पर नरवर नगर के वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र शर्मा, हनुमतसिंह रावत, कृपालसिह सोलंकी, मोहनसिह कुशवाहा, निशांत प्रजापति,भारत प्रजापति, गणेश कुशवाहा आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर विदाई दी ।

# एकलव्य परीक्षा में बच्चों के सपनों को मिला संबल

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 फरवरी।** ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में परिवार संस्था ने एक बार फिर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा में बच्चों को व्यापक और व्यवस्थित सहयोग प्रदान किया गया।

पोहरी ब्लॉक में संचालित रामकृष्ण विवेकानंद सेवा कुटीरों के 43 कुटीरों से कुल 196 बच्चों के परीक्षा फॉर्म भरे गए, जिनमें से 174 विद्यार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित हुए। संस्था ने बच्चों को केवल आवेदन तक सीमित न रखते हुए, विशेष कोचिंग कुटीरों के माध्यम से समर्पित मार्गदर्शन, परीक्षा केंद्र तक आना-जाना, तथा आवश्यकता अनुसार नाश्ता व्यवस्था तक की संपूर्ण जिम्मेदारी निभाई, ताकि बच्चे निश्चिंत होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें। उल्लेखनीय है कि परिवार एक प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 2003 में विनायक लोहानी द्वारा की गई। आईआईटी एवं आईआईएम से शिक्षित



विनायक लोहानी जी के नेतृत्व में संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान कर रही है। एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 6 से 12 तक नि:शुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सुनहरा अवसर मिलता है। इसके साथ ही परिवार संस्था द्वारा 24म7 नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा, मोबाइल मेडिकल यूनिट, तथा नेत्र शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों के नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन भी कराए जा रहे हैं। बच्चों के लिए पोषणयुक्त आहार और निरंतर शैक्षणिक सहयोग संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। वर्तमान में पोहरी ब्लॉक में 43 सेवा कुटीर, 1 हेल्थ मोबाइल क्लीनिक और 3 एंबुलेंस निरंतर नि:शुल्क सेवा में कार्यरत हैं। आपात स्थिति में परिवार एंबुलेंस सेवा मोबाइल नंबर 91795 26457। पर संपर्क कर सकते हैं।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 4 आरोपी दबोचे

शिवपुरी। बम्हारी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक तास की गड्डी और 1300 रुपये नकद जप्त कर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी तथा अपराध नियंत्रण के साथ नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती जाए। मौके से तास की गड्डी और 1300 रुपये नकद जप्त किए गए।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो भाइयों को रौंदा, एक की मौत

**शिवपुरी।** सुरवाया थाना अंतर्गत करई गांव के पास एनएच-27 पर शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। बारात में शामिल होने निकले दो सगे भाइयों को पीछे से आए ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे में 25 वर्षीय नरेंद्र आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई उधम आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

दोनों भाई डोंगरा गांव से नया गांव दादोल जा रही एक आदिवासी युवक की बारात में शामिल होने निकले थे। कुछ बाराती ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार थे, वहीं नरेंद्र और उधम बाइक से पीछे-पीछे आ रहे थे। रात करीब 8:30 बजे करई गांव के पास ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि नरेंद्र ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल उधम को तत्काल शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

# 1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

## नीलमणि महाराज के मार्गदर्शन में समाजों की एकजुटता व्यक्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 फरवरी।** धर्म, सेवा और सामाजिक समरसता की त्रिवेणी के संग शिवपुरी एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन की ओर अग्रसर है। आगामी 19 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाले 1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा की भव्य तैयारियों को लेकर स्वामी श्री नीलमणि दास जी महाराज खेड़ापति दरबार ने राठौर, यादव और शिवहरे समाज के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर दिशा तय की। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि भव्य कलश यात्रा में समाजों की विशिष्ट सहभागिता रहेगी। राठौर समाज शौर्य प्रतीक वीर दुर्गादास राठौर की भव्य झांकी प्रस्तुत करेगा, जबकि यादव समाज द्वारा ठाकुर जी एवं गौ-माता की मनोहारी झांकी सजाई जाएगी जो भक्ति और संस्कृति का अनुपम दृश्य रचेगी।



महाराज श्री ने बताया कि झांसी रोड स्थित हवाई पट्टी के पीछे नर्सरी ग्राउंड में होने वाले इस महोत्सव में विश्वविख्यात कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज कथा व्यास के रूप में अमृत वर्षा करेंगे। आयोजन में योगी आदित्यनाथ, डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शामिल होने की संभावना जताई गई। यह आयोजन केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा का भी सशक्त प्रकल्प है। समापन के अगले दिन 26 मार्च को 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। 11 मार्च को भव्य पदयात्रा, 18 मार्च को विशाल कलश यात्रा एवं 19-25 मार्च प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे कथा, रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में राठौर समाज से पूर्व विधायक माखनलाल राठौर, सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर, युवा जागृति मंच अध्यक्ष विशाल राठौर सहित अशोक, राकेश, मुन्नालाल, प्रशांत, सोनू, के.के. राठौर, जीतू, रवि, महेश, विवेक, पवन, आकाश, बृजेश, विनोद, पंकज, गोपाल, अरविंद, भारत, मानव, पप्पन, राधे, धर्मेंद्र, जुगल, करण एवं समस्त राठौर परिवार उपस्थित रहा। यादव समाज से शशि अनिल यादव, सोमवती यादव, जगदीश, मंजू, अनामिका सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शिवहरे समाज से अध्यक्ष किशन शिवहरे, प्रियंका, भावना, माजू, शगुन, इन्दिरा चाकसू, हिमांशी चाकसू, अर्चना, रमा राय, मीनाक्षी, ममता, मधु, सुन्दर, सपना पाण्डेय, रीता गोपालक, कृष्णा रामगोपाल, ललिता, वीरेन्द्र, भरत, सुहाली लाल, विवेक, घूरे शंकर, गजर, सुरेश शिवहरे सहित समाज के वरिष्ठ-युवा उपस्थित रहे।

# आरोपियों को थाने से कोर्ट तक कान पकड़कर पैदल घुमाया



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 फरवरी।** शहर में पुलिस आरक्षक से अभद्रता करना दो युवकों को भारी पड़ गया। देहात थाना पुलिस ने शनिवार की घटना के बाद सख्त संदेश देते हुए दोनों आरोपियों का सार्वजनिक रूप से जुलूस निकाला। आरोपियों को थाना परिसर से लेकर न्यायालय तक कान पकड़कर पैदल ले जाया गया, जहां वे अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है कहते हुए नजर आए।

घटना झांसी तिराहा स्थित शराब दुकान के पास की है। यहां झगड़े की सूचना पर बीच-बचाव करने पहुंचे आरक्षक राहुल चौहान से आरोपियों ने गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। आरोप है कि एक आरोपी ने कड़े से वार करने की कोशिश करते हुए धमकी भरे शब्द कहे और आरक्षक की वर्दी पकड़कर बटन तक तोड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

आरोपियों की पहचान लवप्रीत सरदार और छोटू परिहार के रूप में हुई है। देहात थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। जुलूस के दौरान थाना परिसर से झांसी तिराहा होते हुए गुरुद्वारा मार्ग तक लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। देहात थाना प्रभारी के अनुसार विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## पिपरखड़ में नवविवाहिता समेत दो ने की आत्महत्या, गांव में मचा हड़कंप

**सिंगरौली 22 फरवरी.** मोरवा थाना क्षेत्र के पिपरखड़ गांव व चकरिया में अलग-अलग स्थानों पर नवविवाहिता सहित दो लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरखड़ निवासी 23 वर्षीय नवविवाहिता अर्चना बैस पति राजेश बैस ने 21 फरवरी की शाम करीब 5.30 बजे अपने घर के कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंदे से फांसी लगा ली. परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा खुला देखा तो महिला फंदे पर लटकी हुई थी. परिजन तत्काल उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल सिंगरौली ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया गया है कि नवविवाहिता की शादी वर्ष 2023 में हुई थी.

# दुष्कर्म के आरोपी को पांच घण्टे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

## बहला फुसलाकर राजगढ़ जिले में भगा ले गया था आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**बदरवास, 22 फरवरी।** राजगढ़ से डेढ़ वर्ष बाद लौटी फरियादिता ने बदरवास थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे घर वाले काम पर गये हुए थे, मैं घर पर अकेली थी तब मेरे घर नैनाराम बंजारा निवासी ग्राम चौकी थाना कालीपीठ जिला राजगढ निवासी आया, शादी का झासा देकर अपने साथ राजगढ ले गया व कमरे में बंद रखा व बलात्कार करता रहा फिर आरोपी अपने घर ले गया करीब डेढ साल तक बलात्कार करता रहा मौका पाकर फरियादिया द्वारा आरोपी के चंगुल से भागकर अपने घर पहुंची, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 66/2026 धारा 69,127 (4), 351 (2) बीएनएस के तहत कामयी की गयी । थाना प्रभारी



बदरवास निरीक्षक रोहित दुबे द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी से निर्देश प्राप्त किये जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी कोलारस संजय मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी बदरवास निरी. रोहित दुबे द्वारा दिनांक 21.02.26 को तत्काल थाना बदरवास की पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश हेतु जिला राजगढ भेजी व आरोपी नैनाकराम उर्फ नैनाराम बंजारा पुत्र भरत सिंह उम्र 25 साल निवासी ग्राम चौकी थाना कालीपीठ जिला राजगढ. म.प्र को जिला राजगढ से मात्र 05 घण्टे में गिरफ्तार किया गया आरोपी को आज दिनांक 22.02.26 को माननीय न्यायालय पेश किया गया आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने से आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

उपरोक्त प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी कोलारस संजय मिश्रा के निर्देशन में बदरवास थाना प्रभारी निरी. रोहित दुबे, उनि. शिखा तिवारी, उनि. रंगलाल मेर, सउनि. राकेश शिवहरे, प्रआर. गजेन्द्र सिंह परिहार, प्रआर गोविंद ,आर. अनित बुनकर, आर. सदन भिलाला की मुख्य भूमिका रही।

# भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल का पुतला फूंका

**जबलपुर. भारत मंडपम एवं इंदौर की घटना के विरोध में पुतला दहन करने रविवार को जबलपुर में भाजपा महिला मोर्चा ने उग्र प्रदर्शन किया.**

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रसल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया.

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया यह कृत्य देश को शर्मसार करने वाला है. उन्होंने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली इस घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं और महिला मोर्चा भी पूरी मजबूती से साथ खड़ा है. इस मौके पर रसल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात रहा. स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही बैरिकेट्स लगाकर पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया था.

**अवलोकन** | उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मुकुंदपुर जू का किया निरीक्षण

# विदेशी पक्षियों से वॉक इन एवियारी गुलजार

**रीवा नवभारत**

**रीवा. 22 फरवरी. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को मैहर जिले के मुकुंदपुर में महाराजा मारतन्द सिंह जू देव वाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण किया. इस दौरान उनकी उपस्थिति में जू मे लाये गए विदेशी प्रजाति के पक्षी भी उनके रह्वास में छोड़े गए.**

नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड सिंगरोली द्वारा सी एस आर मद से मुकुंदपुर को प्रदाय किये गए नये विदेशी पक्षियों को वॉक इन एवियारी के अंदर प्राकृतिक निवास पर छोड़ा गया.वन्यजीव संरक्षण के लिए मुकुंदपुर जू के एवीयरी में अब नये प्रजाति के रंग बिरंगे पक्षी आ चुके है, जिनमें रेड स्कारलेट मैकॉ, रेड ग्रीन विंग्ड मैकॉ, सल्फर-क्रेस्टेड कॉकाटू, ब्लू गोल्ड मैकॉ, हैनस मैकॉ, अफ्रीकन ग्रे पैरोट, ग्रैंड इलेक्टस, सन कोनूर, कॉकेटियल्स, और लव बर्ड शामिल हैं. नये पक्षियों के आगमन से पर्यटक को अब और अधिक विदेशी प्रजाति के पक्षी देखने को मिलेंगे. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भ्रमण के दौरान पक्षियों के सरंक्षण के प्रयासो की सराहना की. इस मौके पर सी सी एफ राजेश राय, वन मंडल अधिकारी विद्या भूषण मिश्रा, मयंक चंदीवाल भी उपस्थिति रहे. इसके बाद उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा जिले के हरिहर पुर मे की जा रही प्राकृतिक खेती का भी अवलोकन किया.



# बारातियों से भरा लोडिंग वाहन पलटा, 10 घायल

## एनएच-46 पर शादी की खुशियां मातम में बदलीं



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 फरवरी।** रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को गहरे मातम में बदल दिया। एनएच-46 पर होटल बागवान के पास बारातियों और दहेज के सामान से भरा एक लोडिंग वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार 9 से 10 लोग घायल हो गए, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार काली पहाड़ी निवासी भगवान सिंह कोली अपने बेटे प्रमोद की शादी के लिए खेरौना गए थे। विवाह समारोह संपन्न होने के बाद रविवार सुबह दहेज का सामान और परिजनों को एक लोडिंग वाहन में बैठाकर गांव लौट रहे थे। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही वाहन होटल बागवान के पास पहुंचा, अचानक संतुलन बिगड़ा और वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

वाहन में रखा दहेज का सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों में दूल्हे के पिता भगवान सिंह कोली, चाचा मूलचंद्र कोली, मालम कोली, अशोकनगर जिले के झीला निवासी राजू कोली (दूल्हे के भाई के ससुर) तथा तुमेन निवासी शंकर कोली (फूफा) शामिल हैं। कुछ अन्य बाराती भी घायल हुए हैं। परिजनों ने वाहन चालक किशन अहिरवार पर शराब के नशे में गाड़ी चलाने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चालक की मेडिकल जांच और वाहन की तकनीकी पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रीवा-सीधी हाइवे पर भीषण सडक़ हादसा, दो की मौत

**रीवा, 22 फरवरी।** रीवा सीधी मार्ग पर गुढ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गेरूई पेट्रोल पंप के समीप हुए सडक़ हादसे में दो लोगो की मौत हो गई. वही कई यात्री घायल हुए है. तेज रफ्तार स्कार्पियो ने यात्रियों से भरी आटो को ठोकर मारी. मृतक के परिजनों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियो से मारपीट करते हुए पेट्रोल पंप में तोडफ़ोड़ की है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करा कर आक्रोशित परिजनों को घटनास्थल से हटाया है. स्कार्पियो का चालक मौके से फरार हो गया. गुढ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गेरूई के समीप पेट्रोल पंप के पास स्कॉर्पियो और ऑटो की सीधी टक्कर में दो लोगो की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हुए. एक मृतक की पहचान गणेश शंकर पांडे निवासी ग्राम गेरू के रूप में हुई. घटना की सूचना मिलते हुई मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और घटना से आक्रोशित होकर पेट्रोल पंप के कर्मचारियों की लापरवाही मानते हुए पेट्रोल पंप में तैनात कर्मचारियों से मारपीट कर पेट्रोल पंप में तोडफ़ोड़ की है.

## कार चालक ने आधा दर्जन वाहनों को रौंदा

**जबलपुर 22 फरवरी.** ओमती क्षेत्र अंतर्गत इनकम टैक्स चौक के पास बीती रात एक रफ्तार कार चालक ने शराब के नशे में धुत होकर पांच वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. बल्कि दो युवकों और एक पुलिसकर्मी को भी घायल कर दिए. पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में ले लिया है.

पुलिस ने बताया कि राहुल प्रताप सिंह (42) निवासी स्नेहनगर मदनमहल ने पुलिस को बताया कि वह बीती रात करीब 11:55 बजे अपने दोस्तों के साथ इनकम टैक्स चौक पर पान खाने रुके थे उन्होंने अपनी कार एमपी 20 जेडपी 5560 सड़क किनारे खड़ी की थी उनके साथ ही डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ महेंद्र बुंदेला, साहिल चौकसे और अदनान सिद्दीकी के दोपहिया वाहन भी कतार में खड़े थे

40 फीट दूर तक घिसटी: तेज रफ्तार क्रमांक एमपी 53 सीए 9214 ने राहुल की कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह करीब 40 फीट दूर घिसटते हुए सिंधिया पार्क की ओर जा गिरी इसके बाद अनियंत्रित कार ने लाइन से खड़े चार अन्य दोपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया.